**गौरव शिखर सम्मान** दादा के सेवा, समर्पण और जनकल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प, सामाजिक समर्पण और मानवीय मूल्यों की मिसाल थे ईश्वरदास रोहाणी

# सेवा की विरासत को युवाओं ने दिया नया आयाम, दादा रोहाणी की स्मृति में रक्तदान का महाअभियान

**नवभारत, जबलपुर।** जनसेवा, सामाजिक समर्पण और मानवीय मूल्यों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए स्व. दादा ईश्वरदास रोहाणी की 80वीं जयंती पर शहर में सेवा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक अशोक रोहाणी ने दादा रोहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि दादा के बताए सेवा, समर्पण और जनकल्याण के मार्ग पर चलते हुए वे सदैव पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे।

### रक्तदान शिविर, रोजगार मेला

महाविद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया अस्पताल एवं रानी दुर्गावती चिकित्सालय (एल्गिन) की टीमों ने रक्त संग्रह किया। वहीं गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डॉ. पुष्पराज पटेल एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच, बीपी और शुगर परीक्षण किया। रोजगार मेले में विभिन्न संस्थानों ने युवाओं की योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

### 12 क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं का होगा सम्मान

समारोह में शिक्षा, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति



एवं कुटुंब प्रबोधन, युवा प्रेरणा, वैदिक अध्ययन, उद्योग-उद्यमिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पत्रकारिता, सेवानिवृत्त अधिकारी, विधि तथा न्याय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 12 विभूतियों को 'गौरव शिखर सम्मान-2026' से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में आशीष राव, सौरभ गोयल, डॉ. सुनील मिश्रा, सचिन जैन सहारा, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, अभिषेक पॉल, अंकित फ्रांसिस, रोहित गुप्ता, ज्योति रेड्डी, प्रमोद बेन, कृष्णा दास चौधरी, बंटी शिवहरे, संजय जैन, अजय पदम, सुंदर अग्रवाल, आशीष कुरील, पुष्पा तिवारी, दुर्गा मिश्रा, आशीष दास चौधरी, पार्थ अग्रवाल, पवन रजक, हर्षित अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, ऐश्वर्य सोनकर, समीर बमन, सावन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### आज होगा गौरव शिखर सम्मान

दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में आज बुधवार को मानस भवन, राइट टाउन में दोपहर 3:30 बजे गौरव शिखर सम्मान का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह वंद्रा करेंगे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर में




### कबीर सम्मान से सम्मानित हुए वरिष्ठ साहित्यकार नयन

**नवभारत जबलपुर ।** सतगुरु कबीर महोत्सव के अंतर्गत शहडोल में आयोजित होलकर प्रसाद वर्मा स्मृति समारोह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से आए प्रतिष्ठित कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में संस्कारधानी जबलपुर के गौरव, वरिष्ठ साहित्यकार, सामाजिक चिंतक एवं प्रसंग अंतरराष्ट्रीय संस्था के संस्थापक इंजीनियर विनोद नयन को साहित्य एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कबीर सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर साहित्य जगत में हर्ष का वातावरण है।कार्यक्रम का संचालन आजाद वतन वर्मा ने किया। कार्यक्रम में कबीर के मानवीय मूल्यों, सामाजिक समरसता और भारतीय सांस्कृतिक चेतना पर आधारित रचनाओं ने विशेष रूप से श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। साहित्यकारों ने ऐसे आयोजनों को भारतीय साहित्यिक परंपरा को नई ऊर्जा देने वाला बताया। इस अवसर पर अशोक मनोध्याय, मथुरा उत्साही, आचार्य भगवत दुबे, डॉ. अनामिका तिवारी, अर्चना मलैया, अभय तिवारी, डॉ. छाया सिंह, डॉ. मुकुल तिवारी, बसंत शर्मा, डॉ. रानू रूही, डॉ. विनीता पांडेय ,विनीत, इंदु सिंह 'कंचन', डॉ. गीता पाण्डेय, एड. तृप्ति त्रिवेदी, सुभाष मणि बैरागी, विजय बागरी, राजकुमार महोबिया सहित अनेक साहित्यकारों एवं शुभचिंतकों ने इंजीनियर विनोद नयन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की कामना की।




### साइबर जागरूकता से ही सुरक्षित रहेगा डिजिटल भविष्य

**नवभारत जबलपुर।** शहर के एक निजी इंजीनियरिंग संस्थान में साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे डीएसपी साइबर क्राइम अंजुल मिश्रा, साइबर सेल निरीक्षक भावना तिवारी, उप निरीक्षक आर. अजीत गौतम, उप निरीक्षक नीरज नेगी तथा सेवानिवृत्त डीएसपी अशोक कुमार तिवारी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग लिंक, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया धोखाधड़ी और ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचने के व्यावहारिक तरीके बताए।कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान कॉल करने वालों को बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी न दें। यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हों तो तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, डिजिटल सतर्कता और करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में उत्तर दिया। अंत में सभी विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने और अपने परिवार व समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

### सतीश नामदेव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्ट्रेट बार के संस्थापक और वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट सतीश



नामदेव की द्वितीय पुण्यतिथि पर आज 1 जुलाई को सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज थे और छात्र जीवन से ही सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के जरिए समाजसेवा में सक्रिय रहे। कानून के क्षेत्र में ईमानदारी और सादगी से जीवन जीने वाले सतीश नामदेव का निधन 1 जुलाई 2024 को हुआ था। राइट टाउन स्थित निवास उनके पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा होगी। उनके पुत्र एडवोकेट शैलेष सतीश नामदेव, वरिष्ठ समाजसेवी मनोज नामदेव और योगेश नामदेव ने सभी शुभचिंतकों और समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।इसके बाद सतीश नामदेव की याद में जिला कलेक्टर कार्यालय अधिवक्ता परिसर में भी एक सभा रखी गई है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा एडवोकेट, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक नायक, सचिव यशवंत दुबे, डॉ. प्रशांत मिश्रा एडवोकेट और सभी वकीलों द्वारा दोपहर 2 बजे यह आयोजन किया जाएगा। एडवोकेट प्रशांत मिश्रा और शैलेष सतीश नामदेव ने सभी स्नेहीजनों, अधिवक्ताओं और कलेक्ट्रेट बार के पदाधिकारियों से इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने की अपील की है।



### अच्छी बरसात के लिए वूमेंस क्लब ने किया नर्मदा अनुष्ठान

**नवभारत, जबलपुर।** ईरा नंदनी वूमेंस कायस्थ क्लब ने उमाघाट में मां नर्मदा का पूजन और वृहद नर्मदा आरती का आयोजन किया, जिसका मूल उद्देश्य अच्छी बरसात, सनातन धर्म की परंपरा का निर्वाह और सामाजिक उत्थान की कामना करना था। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने अपने परिवारों के साथ मां नर्मदा की स्तुति की और प्रार्थना की कि जबलपुर जल व धन से संपन्न रहे, सभी नागरिक स्वस्थ रहें तथा शहर का आध्यात्मिक व आर्थिक विकास होने के साथ ही यह प्रदूषण मुक्त रहे। इस दौरान सभी सदस्यों ने मां नर्मदा की स्तुति कर शहर को सुंदर और साफ बनाने के लिए स्वच्छता की शपथ भी ग्रहण की। इसी आयोजन में सदस्यों के लिए पूजा की आरती सजाने की प्रतियोगिता भी रखी गई। कार्यक्रम में मंजूषा श्रीवास्तव, डॉ. नम्रता श्रीवास्तव सिमरन सक्सेना, निधि श्रीवास्तव, राजश्री खरे, निधि खरे, शालिनी वर्मा, शशी श्रीवास्तव और रुचि श्रीवास्तव ने उपस्थित रहकर पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया।

